## एक नजर में

### स्वास्थ्य समिति की बैठक 6 अप्रैल को

**भोपाल.** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 6 अप्रैल को की जाएगी. यह बैठक कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में की जाएगी. इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि जिले में संचालित सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी मौजूद रहेंगे. इसमें अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी. बैठक में नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ, संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहेंगे.

### सीधी भर्ती के विरोध में पेन डाउन आंदोलन किया

**भोपाल.** गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) में पदोन्नति और वरिष्ठता को लेकर विवाद गहरा गया है. मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) के आह्वान पर बुधवार को कॉलेज के सैकड़ों चिकित्सा शिक्षकों ने सीधी भर्ती के विरोध में एक घंटे का सफल पेन डाउन आंदोलन किया. दोपहर 12 से एक बजे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के कारण हमीदिया अस्पताल और कॉलेज परिसर में प्रशासनिक कार्य प्रभावित रहे. डॉक्टरों ने एडमिन ब्लॉक में एकत्रित होकर शासन की दोषपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

# निगम को डिमांड का 35 प्रतिशत मिला संपत्ति कर

**फैक्ट फाइल**

- आठ सौ करोड़ थी संपत्ति कर की डिमांड
- 4 सौ करोड़ था लक्ष्य, - 282 करोड़ मिले

**5.50 लाख संपत्ति पंजीकृत**




**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 01 अप्रैल. नगर निगम को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन 31 मार्च को 12 करोड़ रुपए का संपत्तिकर प्राप्त हुआ, जो पूरे साल में एक दिन का सबसे अधिक है.**

इसके लिए जहां शासन ने लोक अदालत की छूट को जारी रखा था. वहीं निगम ने संपत्तिकर अधिक प्राप्त करने के लिए खूब प्रचार प्रसार किया था. इतना सब कुछ करने के बाद भी पूरे साल में लगभग 282 करोड़ रुपए का संपत्ति कर मिल सका है. पिछले वर्ष लगभग 258 करोड़ मिला था, जबकि इस वित्तीय वर्ष में निगम का लक्ष्य लगभग चार सौ करोड़ का रखा गया था. वहीं निगम की डिमांड लगभग आठ सौ करोड़ की थी. नगर निगम सीमा में प्रतिवर्ष लगभग 15 प्रतिशत संपत्तियां बढ़ती जा रही हैं, जो शहर में लगभग 5.50 लाख संपत्तियां पंजीकृत हो चुकी हैं. इन पंजीकृत संपत्तियों का लगभग 35 प्रतिशत संपत्ति कर प्राप्त हुआ है. अगर सभी संपत्तियों के कर की वसूली हो जाती तो निगम को लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त हो जाता. जो नहीं हुआ.

### डिमांड का आधा रखा था लक्ष्य

प्रतिवर्ष नगर निगम संपत्तिकर वसूली के लिए अनुमानित लक्ष्य रखता है, जो निगम की डिमांड का आधा रखा जाता है. उसका प्रमुख कारण है कि निगम ने कभी लक्ष्य को ही पूरा नहीं किया तो फिर डिमांड को पूरा करना संभव ही नहीं होता है.

> निगम ने अनुभवहीन कर्मचारियों को संपत्तिकर वसूली के लिए लगा रखा था. वहीं, चार कर्मचारी संभल घोटाले के आरोपियों को भी इस कार्य में लगा रखा था. इसलिए उन्होंने कार्य ही नहीं किया. मेहनती कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया ही नहीं तो संपत्तिकर की वसूली कैसे होती.
>
> **- शबिस्ता जकी, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भोपाल**

### पंजीकृत संपत्तियों पर डिमांड

नगर निगम की प्रतिवर्ष संपत्तिकर की डिमांड राशि तय होती है, जिसका आंकलन पंजीकृत संपत्तियों से प्राप्त होने वाले कर के आधार पर होता है. वर्तमान में नगर निगम सीमा में आने वाली जितनी संपत्तियां दर्ज हैं, उसके आधार पर लगभग 8 सौ करोड़ की डिमांड थी, जिसके पूर्ति के लिए निगम ने प्रयास ही नहीं किए.

### आला जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे वसूली पर ध्यान

यहीं नहीं व्यावसायिक संपत्ति कर, खाली भूमि कर, पानी कर, सफाई कर, जल निकासी कर, अग्नि कर, पशु वाहन कर, विकास शुल्क की वसूली पर भी नगर निगम के आला जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे ये विभाग वसूली में लगातार पिछड़ रहे हैं. बता दें कि वसूली नहीं होने के कारण कई बार नगर निगम को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ता है.

# मेट्रो रेल के समय में हुआ बदलाव

**अब सुबह 11 बजे से चलेगी**

**सिग्नलिंग का कार्य पकड़ेगा गति**



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1अप्रैल. मेट्रो रेल प्रबंधन ने बुधवार को ट्रेन संचालन के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जो तीन अप्रैल लागू होगा. इस बदलाव में अब सुबह 11 बजे से इसका संचालन होगा तो शाम को 4.30 बजे तक किया जाएगा.**

यह संचालन में समय का बदलाव ऑरेंज लाइन पर सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक मान्य होगा.

वर्तमान में मेट्रो रेल का संचालन सुभाष नगर से एम्स के बीच हो रहा है. शुरुआत में 17 फेरे और सुबह 9 बजे से मेट्रो दौड़ने लगी थी. जब पांच जनवरी को बदलाव हुआ तो फेरे घटकर 13 हो गए. समय दोपहर 12 से शाम 7.30 बजे तक कर दिया गया था. वर्तमान में इसी समय पर मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जा रहा है.

मेट्रो रेल के जनसंपर्क अधिकारी धीरज शुक्ला ने बताया कि सुभाष नगर से एम्स के बीच सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य चल रहा है. समय में बदलाव करने से इस कार्य को गति मिलेगी, जिससे यह सिंग्नलिंग का कार्य लगभग अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण हो सकता है. वर्तमान में ट्रेन को सुभाष नगर से एम्स के बीच 25 मिनट का समय लगता है, जो बाद में 15 मिनिट हो जाएगा. इससे ट्रेन के फेरे बढ़ जाएंगे वहीं यात्रियों को 10 मिनिट के समय की बचत होगी.

# मजदूर संघ ने नए श्रम कानूनों का किया विरोध

### एनएफआईआर के आह्वान पर काला दिवस मनाया



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 अप्रैल : वेस्ट सेंट्रल रेलवे के मुख्य शाखा भोपाल में एनएफआईआर के आह्वान पर काला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर कर्मचारियों ने काला रिबन बांधकर नए श्रम कानूनों के चार भागों का बहिष्कार किया.**

मजदूर संघ ने केंद्र सरकार से अपील की कि नए श्रम कानून को तत्काल वापस लिया जाए तथा पुराने 29 श्रम कानून को बहाल किया जाए. यह विरोध रेलवे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुटता का प्रतीक बना. मंडल सचिव कमलेश परिहार ने बताया कि नए कानून मजदूरों के अधिकारों पर प्रहार हैं, जिन्हें रद्द कर पारंपरिक कानूनों को पुन: लागू किया जाना चाहिए. श्रम कानून के विरोध में संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के निर्देश पर शाखा सचिव अनिरुद्ध सोनी, चरणजीत सिंह संगठन सचिव, बारिश खान उपाध्यक्ष, सहसचिव पवन यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर विरोध दर्ज किया.

# स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग

- फायर बिग्रेड ने मशक्कत के बाद पाया काबू

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 01 अप्रैल. गांधीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगने की घटना से बुधवार को दहशत का माहौल बना रहा. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया.**

हादसे में कोई भी जनहानि नहीं होने की जानकारी सामने आई है. अस्पताल में आग किन कारणों से लगी फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. आग लगने की घटना से रखी दवाएं चपेट में आ गईं. जानकारी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक कमरे में आग लगने की घटना हुई. मौके पर मौजूद अस्पताल के स्टाफ ने तुरंत ही इसकी सूचना लोगों को दी और सभी बिल्डिंग से समय रहते बाहर आ गए. अस्पताल में आग लगने की घटना से भर्ती मरीजों को संतनगर स्थित सिविल अस्पताल में शिफ्ट किया गया. ओपीडी वार्ड में दोपहर बाद आग लगने से उठता धुआं, जब स्टाफ को मालूम हुआ तो लोगों ने तुरंत ही सर्तकता बरती. अनुमान लगाया जा रहा है कि अस्पताल के जिस कमरे में आग लगी वह पुरानी वायरिंग है, जिसके चलते शॉर्ट सर्किट होने की संभवना बनी और आग लगी.

# कैचमेंट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अटकी

## लेटलतीफी : चिन्हांकन और सीमांकन की कार्रवाई को 15 दिन बीते

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 01 अप्रैल. राजधानी में बड़े तालाब में कैचमेंट पर हुए अतिक्रमण वाले स्थानों का चिन्हांकन और सीमांकन की कार्रवाई को लगभग 15 दिन हो चुके हैं, उसके बाद भी अभी तक कार्रवाई नहीं की जा सकी है.**

प्रशासन के अनुसार खानूगांव के कुछ लोग ने उच्च न्यायालय चले गए थे, इसलिए अभी तक कार्रवाई नहीं हो सकी. अब सोमवार को बड़ी झील के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई शुरू हो सकती है. कि पिछले महीने प्रशासन की ओर से किए गए बड़ी झील के कैचमेंट एरिया में सीमांकन के दौरान बैरागढ़ में 241 निजी व शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए गए थे, जिन्हें तोड़ने के लिए प्रशासन ने चिहिन्त किया था, जिन पर अब तक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकी.



> अतिक्रमण के कारण बड़े तालाब में सीवेज का पानी मिल रहा है. इससे पानी प्रदूषित हो रही है. जलीय जीवों के अस्तित्व पर संखट खड़ा हो गया है. इस पर शहर के पर्यावरणविद् भी चिंता जता चुके हैं. सांसद आलोक शर्मा की नाराजगी के बाद कलेक्टर ने जल्द ही बैरागढ़, टीटी नगर, हुजूर एसडीएम को पिछले महीने अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया था. इस पर बैरागढ़ और टीटी नगर क्षेत्र में लगे बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया का सीमांकन हुआ है.
>
> **इनका कहना है**
>
> संभवत: सोमवार को अतिक्रमण विरोधी मुहिम बड़ी झील के कैचमेंट एरिया में चलाई जा सकती है. लालघाटी-हलालपुर में 4 अतिक्रमणों को हटाया जा चुका है.
>
> **हर्ष विक्रम सिंह, तहसीलदार, बैरागढ़ नजूल**

# युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर भागा बाइक सवार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 01 अप्रैल. एमपी नगर क्षेत्र में इलेक्ट्रिक ऑटो में सफर कर रही एक युवती के हाथ से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल फोन छीन लिया. युवती ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई.**

जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय सौम्या राजपूत ने पुलिस को बताया कि वह बीते 25 मार्च को ऑटो में बैठकर जब वह सात नंबर स्टॉप से एमपी नगर के लिए जा रही थी. इस दौरान मानसरोवर कॉम्पलेक्स के पास बाइक सवार ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया. युवती ने पुलिस को बताया कि वह उस दिन अपनी एक सहेली के साथ नूतन कॉलेज गई थी. दोपहर के करीब तीन बजे उसके साथ यह घटना हुई. लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस में की गई शिकायत अनुसार बाइक सवार बदमाश ने उस दौरान हेलमेट भी लगाए था, जिसके चलते युवती को चेहरा भी नहीं देख सकी थी. एमपी नगर पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. युवती ने पुलिस को बताया कि वह गुलमोहर कॉलोनी शाहपुरा में रहती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं.

# जनगणना फील्ड ट्रेनर्स के बैच का प्रशिक्षण

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 01 अप्रैल. जिले में अगले माह से जनगणना का कार्य शुरू किया जाना है, जिसके लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के फील्ड ट्रेनर्स का प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया.**

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर में संपन्न हुआ. प्रशिक्षण उपरांत मास्टर ट्रेनर्स को प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप विजिट कराई गई. इस विजिट के दौरान प्रगणक के रूप में घर-घर जाकर आंकड़े लिए गए एवं आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई की गई. इस दौरान अपर कलेक्टर सुमित कुमार पांडे एवं जिला जनगणना अधिकारी भवन गुप्ता ने ट्रेनिंग प्राप्तकर्ताओं को संबोधित किया. इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, डॉ. मुकेश नापित प्रोफेसर सिद्धांत जैन, सीमा एवं जनगणना निदेशालय से जिला प्रभारी मनोज सैनी एवं राकेश सैनी उपस्थित रहे.



### चयनित अभ्यर्थियों ने जताया विरोध

**भोपाल.** माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक (खेल, गायन, वादन, नृत्य) 2022 भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों ने बुधवार को राजधानी में धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया. नियुक्ति में लगातार हो रही देरी से नाराज अभ्यर्थी पांचवीं बार प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं. अभ्यर्थियों का कहना है कि 25 सितंबर को रिजल्ट जारी होने और दस्तावेज सत्यापन पूरा होने के बावजूद उन्हें अब तक जॉइनिंग नहीं दी गई है. करीब आठ महीने बीत जाने के बाद भी न तो कोई स्पष्ट शेड्यूल जारी हुआ है और न ही नियुक्ति की तारीख बताई गई है.

# बदमाश जीतू गिरफ्तार

**20 से अधिक अपराध हैं दर्ज**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 01 अप्रैल. कोलार थाना पुलिस ने कुख्यात बदमाश दुर्गेश यादव उर्फ जीतू को गिरफ्तार किया है. अड़ीबाजी कर हत्या के प्रयास में फरार बदमाश जीतू यादव के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में करीब 20 से अधिक अपराध दर्ज हैं.**

अवैध गैस रिफलिंग के लिए कुख्यात आरोपी पर पुलिस कमिश्नर और डीसीपी जोन-4 ने अलग अलग मामलों में 40 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. आरोपी कोलार और थाना कजलीखेड़ा में दर्ज कई मामलों में फरार चल रहा था. आरोपी उप्र, दिल्ली, महाराष्ट्रा में बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था. पुलिस ने आखिरकार आरोपी को धुले महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया.

एडीसीपी मलकीत सिंह ने बताया कि बाते 2 जनवरी को बदमाश दुर्गेश यादव उर्फ जीतू यादव (30) निवासी ओम नगर ने अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी ऋषभ बैरागी को धमकाया था. बदमाशों ने फरियादी ऋषभ वैरागी (18) निवासी बैरागढ़ चीचली के साथ पैसों की अड़ीबाजी कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया. पुलिस ने इस दौरान जीतू के साथियों को गिरफ्तार किया.

### फरार आरोपी राहुल इंटर गिरफ्तार

भोपाल. कोहेफिजा और थाना खजूरी सड़क में हत्या का प्रयास, अपहरण, फिरौती के मामले में फरार आरोपी राहुल इंटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी पर पूर्व में लगभग 2 दर्जन से अधिक गम्भीर अपराध पंजीबद्ध है. आरोपी राहुल इंटर शाहजहांनाबाद मल्टी का शातिर अपराधी है, जो मल्टी में अपराधियों की संगठित गैंग चलाता था. पुलिस ने पूर्व में उसके साथियों को गिरफ्तार कर जेला भेजा दिया है. आरोपी राहुल इंटर पर पुलिस कमिश्नर ने 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. एडीसीपी मलकीत सिंह ने बताया कि बीते 7 जनवरी को फरियादी धर्मेन्द्र मालवीय निवासी नई बस्ती भैंसा खेड़ी थाना बैरागढ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर को आरोपी राहुल इंटर ने अपने साथियों फुफ्फू, शाका, राहुल दवाडे, रफ्फू और भोपाली के साथ मिलकर उसे नवेद बिरयानी दुकान के सामने कोहेफिजा से बंधक बनाकर अपहरण करके शाहजहांनाबाद मल्टी में ले जाकर, उसके साथ गाली-गलौच करते हुए कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की. आरोपियों ने फरियादी के साथ इस दौरान आप्रकृतिक कृत्य किया. फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया.

**निरीक्षण** जिला चिकित्सालय में कलेक्टर ने देखीं व्यवस्थाएं, नवीन भवन और पार्किंग को लेकर दिए निर्देश

# मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने एम्स से लें प्रशिक्षण



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 01 अप्रैल. कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने चिकित्सा सेवा और उसके लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सकों और मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन, आरएमओ डॉ. प्रेमेंद्र शर्मा मौजूद रहे. कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी को कहा कि एम्स के सहयोग से चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के ज्ञान और तकनीकी प्रशिक्षण दिलाया जाए. इसके लिए एम्स के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए, जिससे उपचार की गुणवत्ता के साथ ही मरीजों से बातचीत और व्यवहार में सुधार हो.

कलेक्टर ने अस्पताल में पार्किंग टेंडर में विलंब पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इसकी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करें. जिससे यहां पर पार्किंग की व्यवस्था सुव्यवस्थित तरीके से संचालित होती रहे.

> **नवीन भवन जल्द शुरू करें**
>
> कलेक्टर ने जेपी अस्पताल के नवीन भवन की जानकारी प्राप्त की. उसके बाद उन्होंने अधूरे निर्माण कार्य को बेहतरीन तरीके से करवाने और समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा. आगे उन्होंने कहा कि नए भवन के साथ ही अस्पताल में नवीन चिकित्सा सेवाओं को भी शुरू किया जाए.



# हबीबगंज पुलिस ने तस्कर से 2 किलो गांजा किया बरामद

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 01 अप्रैल. हबीबगंज थाना पुलिस ने बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया. पुलिस ने मौके पर आरोपी के पास से 2 किलो गांजा बरामद किया.**

आरोपी तस्कर पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी मामले में गिरफ्तार हुआ है. सूचना मिली थी कि पोल्यूशन बोर्ड परिसर में राज्य नगर नियोजन के सामने एक व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश के दौरान उसके पास से मिले बैग के अन्दर दो पैकेट बरामद किए.